मङ्गलायतन
विश्वविद्यालय
॥ विश्वं ज्ञाने प्रतिष्ठितम् ॥

MANGALAYATAN
UNIVERSITY

*Learn Today to Lead Tomorrow*

# MANGALAYATAN UNIVERSITY

## BESWAN ALIGARH -202146

# SOME GLIMPSES OF MUSE ACTIVITIES

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

**WORLDS CANCER DAY**




**BLOCK-B AUDITORIUM**




**BLOCK-B AUDITORIUM**

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



FLE BHARAT
हर खबर आप तक

FLE bharat | हर खबर आप तक



# इगलास – मंगलायतन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जाना क्यों होता है कैंसर

Posted on February 7, 2020 by Ms Saifee (chief editor)




कार्यक्रम में नशा उन्मूलन से सम्बंधित बातें पर भी हुई चर्चा

इगलास(अलीगढ़)। जैसा संकल्प वैसा ही व्यवहार होता है। जैसा सोचते हैं वैसा ही बनते हैं। जैसा संस्कार बनायेंगे वैसा ही व्यवहार करेंगे। संसार में इंजीनियर, डॉक्टर के अलावा और भी बहुत से स्टेटस प्राप्त हो सकते हैं लेकिन इन सबके होते हुए जीवन में दैवीय गुण आ जायें तब ऐसा जीवन सबके लिए कल्याणकारी हो जाता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अलीगढ रोड स्थित आनन्दपुरी केन्द्र एवं इगलास स्थित ब्रहमाकुमारीज केन्द्र द्वारा मंगलायतन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए राजयोग शिक्षिका बीके शान्ता बहिन ने व्यक्त किए।

मंगलायतन विश्वविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों एवं एमयूएससी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में नशा उन्मूलन से सम्बंधित बातें भी बताई गईं। बीके दिनेश भाई द्वारा विस्तार से तम्बाकू, शराब से होने वाली हानियों की चर्चा की गई तथा व्यसनों से होने वाली हानियों से सम्बन्धित वीडियो फिल्म आदि का प्रदर्शन किया गया। संयोजक डॉ. सिदार्थ जैन ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा व्यसनों से होने वाली हानियों के लिए चेतावनी और जनकारी मिली है तो कभी भी इसके दुष्प्रभावों

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

## Amar Prakash - 04-02-2020 pg-07

# कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित




अलीगढ 04 फरवरी (अमर प्रकाश)। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही लोगों में भय पैदा हो जाता है। यह एक ऐसी जानलेवा और गंभीर बीमारी है जिससे सबसे ज्यादा लोगों की मृत्यु होती है। यह बीमारी पूरे विश्व में फैल चुकी है, इस बीमारी की चपेट में सबसे अधिक मरीज हैं। इसकी रोकथाम करने और जागरूकता फैलाने के लिए हर साल चार फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2019 से लेकर 2021 तक तीन साल के लिए विश्व कैंसर दिवस की थीम "मैं हूं और मैं रहूंगा – (आई एम एंड आई विल)" रखा गया है।

कैंसर दिवस के अवसर मंगलायतन विश्वविद्यालय में एनएसएस व एमयूएससी के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रों में जाकर स्वंयसेवकों ने लोगों को बताया कि मादक पदार्थ, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग करने से कैंसर फैलता है। वहीं, डॉ. हरेंद्र सिंह ने मंविवि के प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर आयोजित परिचर्चा में कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता जरुरी है। इसके कई प्रकार ऐसे होते हैं, जिनमें बहुत देर में पता चलता हैं जिससे इलाज में देरी होती है। उन्होंने तंबाकू उत्पादों का प्रयोग न करने फल सब्जियों का अच्छे से धूल कर प्रयोग करने को कहा।

संयोजन जॉइंट रजिस्ट्रार डॉ. दिनेश शर्मा ने किया। इस दौरान डॉ. सिद्धार्थ जैन, सोनी सिंह, लव मित्तल, डॉ. रंजना, डॉ. आकांक्षा, राम कुमार आदि मौजूद थे।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH






# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



## एनएसएस ने मनाया कैंसर डे



अलीगढ 04 फरवरी 21 (अमर प्रकाश)। मंगलायतन विश्वविद्यालय के एनएसएस और मंगलायतन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. हरेंद्र सिंह ने छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर एक खतरनाक बीमारी है और यथासंभव हम सभी को पेस्टिसाइड्स उत्पादों एवं प्लास्टिक क्रॉकरी के प्रयोग से बचना चाहिए। क्योंकि यह सब कैंसर को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं वहीं डॉ शशांक प्रकाश ने कहा कैंसर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु ऑर्गेनिक उत्पादों का सेवन करना चाहिए। संगोष्ठी में एनएसएस इकाई तीन की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूनम रानी ने कहा कि 2021 वर्ल्ड कैंसर डे की थीम मैं हूं और मैं रहूंगा। पर प्रकाश डाला तो वहीं संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. सिद्धार्थ जैन ने संचालन करते हुए कहा कि जानलेवा बीमारी से बचने के लिए प्रतिदिन ध्यान और योगाभ्यास को मानव को अपनी दिनचर्या का अंग बनाना चाहिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. के वी एस एम कृष्णा और कुलसचिव ब्रिगेडियर समर वीर सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को कैंसर की जानकारी और वचाब ले उपाय लेने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में लगभग 180 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता की। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर लव मित्तल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. धनुषा, शिखा शर्मा, अनुराधा यादव, अरुण कुमार, राघवेंद्र सारस्वत व अन्य मौजूद रहे।

## छात्रों का सर्वांगीण विकास करना ही मुख्य उद्देश्यरू कुलसचिव



अलीगढ 04 फरवरी 21 (अमर प्रकाश)। छात्रों को प्रवेश देना और कक्षाएं कराना ही शिक्षण संस्थान की जिम्मेदारी नहीं होती वरन उनका सर्वांगीण विकास करना ही मुख्य उद्देश्य होता है। ये बातें मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने एक कार्यक्रम में कहीं।

मंगलायतन विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र हित में पुनः उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कोविद 19 के नियमों का पालन करते हुए शिक्षण शिक्षणेत्तर समस्याओं और जानकारियों को लेकर विश्वविद्यालय एकेडेमिक्स और प्रशासन के अधिकारी सभी विद्यार्थियों से रूबरू हुआ। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक्स डॉ. अजय सिंह राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण सत्रारम्भ के समय ही नहीं बल्कि समय समय पर करते रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को परीक्षा प्रणाली, ग्रेडिंग प्रणाली, विश्वविद्यालय की नीतियां आदि की जानकारी दी। साथ ही नए सेमेस्टर के बारे में बताया और छात्रों की समस्याएं भी सुनी। सभी विद्यार्थियों को हैंड बुक भी दी गई। इस दौरान असिस्टेंट रजिस्ट्रार एकेडेमिक्स डॉ. स्वाति अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. हरीश रावत, विकास वर्मा, किंशुक कुमार , सादिया मसरूर , डॅा. फरहा खान, अनुराधा सिंह, प्रभात कुमार, हिरा फातिमा आदि मौजूद थे।

## चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद, इन कंपनियों के स्टॉक में रही तेजी

अलीगढ 04 फरवरी 21 (अमर प्रकाश)। पीएसयू बैंक और धातुओं के शेयर में लिवाली से लगातार चौथे सत्र में शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 358.54 अंक यानी 0.71: की बढ़त के साथ 50614.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 105.70 अंक यानी 0.71 फीसद की तेजी के साथ 14,895.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## मण्डल–समाचार

## समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से महिला थानों में हेल्पडेस्क की स्थापना की

हाथरस ०४ फरवरी २१(अमर प्रकाश)। महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए के उद्देष्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य महिला आयोग, उ०प्र० लखनऊ की मा० उपाध्यक्ष श्रीमती सुशमा सिंह एवं मा० सदस्या श्रीमती निर्मला दीक्षित, की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

महिला जनसुनवाई के दौरान ७ प्रकरणों महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा से संबंधित और २ प्रकरण संपत्ति से संबंधित प्राप्त हुए जिसमें माननीय उपाध्यक्ष द्वारा संबंधित थाने से आए अधिकारियों को यथाषीघ्र कार्यवाही करने के निर्देष दिए।

राज्य महिला आयोग, उ०प्र० लखनऊ की मा० उपाध्यक्ष श्रीमती सुशमा सिंह ने जनसुनवाई के दौरान रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोश के तहत पीड़िताओं को दी जाने वाली सहायता राषि, लम्बित प्रकरणों एवं लम्बित भुगतान के बारे में जानकारी ली और थाना सादाबाद निवासी ग्राम जटोई के प्रकरण में मा० उपाध्यक्ष द्वारा जिला प्रोबेषन अधिकारी से जानकारी ली गई जिसमें उनके द्वारा बताया गया है कि उक्त प्रकरण जिला संचालन समिति अलीगढ़ से षासन को भेज दिया गया है जिसपर माननीय उपाध्यक्ष द्वारा षासन स्तर से धनराषि यथाषीघ्र दिलाएं जाने हेतु पीड़ित परिवार को आवष्वस्त किया तथा जनपद जनपद में संचालित वन स्टाप सेन्टर के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में माह के प्रथम तथा तृतीय बुधवार को महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली घरेलू महिलाओं को अपनी समस्याओं को सम्बन्धित विभाग में प्रेशित करने हेतु २०१८ में षटित महिला आयोग द्वारा व्हाट्सएप नम्बर ६३०६५११७०८ का संचालन किया गया है। जिसके माध्यम से कोई भी महिला अपनी षिकायत को सोमवार से षुक्रवार समय प्रातः १०:०० बजे से ०५:०० बजे तक उपलब्ध करा सकती है। इस नम्बर पर फोन करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। १८१ तथा १०९० पर फोन के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत करा सकत हैं। आप अपनी समस्या को इस व्हाट्सएप नम्बर के माध्यम से भी प्रेशित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उ०प्र० सरकार, षासन एवं प्रषासन द्वारा महिलाओं की समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने के उद्देष्य से महिला थानों में हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है, जिससे कि महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मान एवं समाज में उनको प्राथमिकता के आधार पर समानता का अधिकार दिलाया जा सके। उन्होंने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देष देते हुये कहा कि हमारे नाम की पहचान हमारे काम से होती है। इसलिए अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी, निश्ठापूर्वक बिना किसी भेदभाव तथा बिना किसी लोभ लालच के दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि आपके पास आने वाली महिलओं से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान षतप्रतिषत करना सुनिष्चित करें तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देष दिये। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा एवं घरेलू हिंसा से बचाव के दृश्टिगत वैनर पोस्टर आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देष दिये, जिससे कि महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा से उनको बचाया जाये।

जनसुनवाई के दौरान मा० सदस्या श्री निर्मला दीक्षित ने सम्बन्धित अधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक लेते हुऐ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देष दिये। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम को रोकने के लिए महिला जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार-प्रसार कराने के निर्देष दिये। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा एक जनपद एक उत्पाद (ओ०डी०ओ०पी०) के अन्तर्गत महिला उद्यमियों द्वारा संचालित हींग फैक्ट्री एवं रेडीमेन्ट गारमेन्ट फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया और उन्हें स्वयं का ब्राण्ड पंजीकष्त कराकर मार्केटिंग हेतु प्रत्सोहित किया गया।

इस अवसर पर सिविल जज/वरिश्ठ प्रभाग/प्रभारी सचिव सुषील कुमार, अपर सिविल जज/कनिश्ठ विभाग सुश्री मिंकी सिंह, जिला प्रोबेषन अधिकारी डी० के० सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी षिवकुमार, जिला दिव्यांगजन सषक्तिकरण अधिकारी प्रतिभापाल, महिला कल्याण अधिकारी मोनिका गौतम, संरक्षण अधिकारी विमल कुमार षर्मा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी दीपक कुमार, वन स्टाप सेन्टर मैनेजर मनीशा भारद्वाज, मनोवैज्ञानिक परामर्षदाता नीतू सिंह, केस वर्कर फारिहा नौषी, पटल सहायक रामजी वर्मा एवं कैलाष चन्द्र तथा समस्त थानों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## निष्प्रयोज्य शासकीय वाहन की नीलामी 15 फरवरी को कमिश्नरी सभागार में

अलीगढ 04 फरवरी 21 (अमर प्रकाश)। अपर आयुक्त प्रशासन शमीम अहमद खान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि राजस्व परिषद के निष्प्रयोज्य शासकीय वाहन की नीलामी 15 फरवरी दोपहर 12 बजे कमिश्नरी सभागार में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति वाहन को किसी भी कार्यदिवस में कमिश्नरी कार्यालय परिसर में देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि बोलीदाता को बोली लगाने से पूर्व अस्थाई धरोहर के रूप में 10 हजार रूपये कार्यालय में जमा करने होंगे जो नीलामी समाप्ति के पश्चात वापस कर दिये जाएंगे। जिस बोलीदाता के पक्ष में नीलामी स्वीकृत होगी उसकी जमानत राशि वाहन मूल्य में समायोजित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वाहन निर्गत होने पर नीलामी बोली का आधा भाग नीलामी स्थल पर तत्काल जमा करना होगा और शेष धनराशि आदेश मिलने के 03 दिनों के अन्दर जमा करनी होगी। वाहन की डिलीवरी पूर्ण धनराशि जमा होने पर ही दी जाएगी। नीलामी समिति को सम्बन्धित वाहन का समुचित मूल्य न मिलने पर या अन्य किसी कारण से बिना कोई कारण बताए नीलामी निरस्त करने का अधिकार होगा।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH




स्वयंसेवकों और छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरेंद्र सिंह

## एनएसएस ने मनाया कैंसर डे

अलीगढ़ 4 फरवरी। मंगलायतन विश्वविद्यालय के एनएसएस और मंगलायतन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ. हरेंद्र सिंह ने छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर एक खतरनाक बीमारी है और यथासंभव हम सभी को पेस्टिसाइड्स उत्पादों एवं प्लास्टिक क्रॉकरी के प्रयोग से बचना चाहिए। क्योंकि यह सब कैंसर को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं वहीं डॉ शशांक प्रकाश ने कहा कैंसर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु ऑर्गेनिक उत्पादों का सेवन करना चाहिए। संगोष्ठी में एनएसएस इकाई तीन की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूनम रानी ने कहा कि 2021 वर्ल्ड कैंसर डे की थीम 'मैं हूं और मैं रहूंगा' पर प्रकाश डाला तो वहीं संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. सिद्धार्थ जैन ने संचालन करते हुए कहा कि जानलेवा बीमारी से बचने के लिए प्रतिदिन ध्यान और योगाभ्यास को मानव को अपनी दिनचर्या का अंग बनाना चाहिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. के वी एसएम कृष्णा और कुलसचिव ब्रिगेडियर समर वीर सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को कैंसर की जानकारी और वचाब ले उपाय लेने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में लगभग 180 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता की। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर लव मित्तल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. धनुषा, शिखा शर्मा, अनुराधा यादव, अरुण कुमार, राघवेंद्र सारस्वत व अन्य मौजूद रहे।

## कृषि अधिनियम के रूप में है वह सरकार की असंवे

अलीगढ़। आज आम आदमी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जाकिर खान द्वारा जिला अलीगढ़ में मौरिस रोड स्थित ला शेफ रेस्टोरेंट में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसको सह प्रभारी उत्तर प्रदेश व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ शकील मलिक जी ने संबोधित किया।अपने संबोधन में केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

**GANDHI JAYANTI**



# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

**WORLD YOGA DAY**



Daily Evening News शुक्रवार 21 जून 2019

12 वीर शहीद अलीगढ़

## योग हमें स्वास्थ्य व मानसिक तनाव से रखता है दूरः कुलसचिव


अलीगढ, (DMG NEWS)। मंगलायतन विश्वविद्यालय में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिप्रा हाल में शिक्षा व शोध संकाय एवं शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यथिति के रूप में कुलसचिव प्रो. शिवाजी सरकार ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग आज के युग में सभी की जरुरत है, योग से हम स्वास्थ्य बने रहते है और मानसिक तनाव की समस्या से भी दूर रहते है।

योग शिविर में डॉ. शिव कुमार, उन्नी कृष्णा नायर, डॉ. शिव कुमार, डॉ. दिनेश पांडे, डीन आईईटी प्रो. आरिफ सोहेल, सीएसी प्रो. अली आर फतेहि, डॉ. दिनेश शर्मा, एचआर डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. अनुराग शाक्य आदि मौजूद रहे।



# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



## डिजिटल माध्यम से हुआ योग

Special Correspondent • June 22, 2020

**Aligarh (Uttar Pradesh, India)** I विश्व योग दिवस के अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखते हुए मंगलायतन विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटल प्लेटफार्म पर योग के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार ने डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से योग कराया। उन्होंने बताया कि आजकल डॉयबटीज, थाईराइड, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से सब जूझ रहे है, इन्हीं सब से बचे रहने के लिए योग जरुरी है। इस दौरान विवि के अधिकारी, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम में एनएसएस की चारों इकाइयों का सहयोग रहा।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

# आसन-प्राणायाम की गली-गली में अलख

## उत्साह के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, शारीरिक दूरी का भी रखा खयाल

टीम जागरण, अलीगढ़ : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर रविवार को क्षेत्र में भारी उत्साह रहा। हालांकि कोरोना संक्रमण को लेकर देश में सभी प्रकार के आयोजनों पर रोक लगी हुई है। जिसको लेकर सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भी सार्वजनिक रूप से न मानकर घरों में रहकर मनाने के लिए गाइडलाइन जारी की थी। रविवार को लोगों सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को घरों में ही शारीरिक दूरी का पालन करते हुए मनाया। योग प्रेमियों में सुबह से ही योग के प्रति खासा उत्साह नजर आया। उन्होंने स्वजनों के साथ आंगन, घरों की छत, लॉन आदि को उचित समझा वहां योग किया। कुछ लोगों ने शारीरिक दूरी का पालन करते हुए पार्कों में भी आसन-प्राणायाम का अभ्यास किया। गभाना कस्बे के सरस्वती ज्ञान मंदिर, जयराम सिंह इंटर कॉलेज में भी स्टाफ कर्मियों ने शारीरिक दूरी का पालन करते हुए योग किया।

छर्रा के बरौली मार्ग स्थित विकास वाटिका एवं कस्बा के नगला बादशाह रोड स्थित असर्फी ग्रामोद्योग संस्थान पर संचालित आवासीय वृद्धाश्रम पर शारीरिक दूरी का पालन करते हुए लोगों ने योगाभ्यास किया।

बरला में नरौना बारह नंबर रोड पर स्थित एनएस इंटर नेशनल स्कूल के चेयरमेन ने फेसबुक लाइव पर अपने स्कूल के छात्रों को योगासन कर समझाया।

अतरौली में अलीगढ़ रोड स्थित एंड संस पेट्रोल पंप के निकट स्थित पार्क में नगर के लोगों ने एक दूसरे से दूरी बनाते हुए योग किया। यहां उद्योगपति प्रशांत गुप्ता उर्फ गोलू, कोतवाल धर्मेंद्र कुमार पवार, आंसु अग्रवाल, अरविंद राठी, गौरव शर्मा, संदीप शर्मा, चेतन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे। ब्लॉक बिजौली क्षेत्र के गांव खुशीपुरा में नेहरू युवा केंद्र की ओर से आयोजन किया गया। यहां कोऑर्डिनेटर जुगेंद्र सिंह यादव, रवि यादव, ओमपाल यादव, सुखदेव सिंह, राजू, अंकित, सचिन, अंकुर, लोकेश आदि थे। गांव उस्मानपुर में चंद्रपाल सिंह व लवली कुमारी ने योगासन कराए।

गंगीरी में गांव नगला सुम्मेर में आरएसएस की ओर से विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने योग संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गिरीश कुमार प्रधानाचार्य, आकाश कुशवाह, दीपक कुशवाह, नरेंद्र कुमार ,जुगेंद्र आदि मौजूद थे।

वहीं, इगलास में शारीरिक दूरी का खयाल रखते हुए मंगलायतन विवि की ओर से डिजिटल प्लेटफार्म पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विवि के अधिकारी, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे। गांव तोछीगढ़ में परोपकार सामाजिक सेवा संस्था और शहीद भगत सिंह युवा संगठन के सहयोग से योग किया गया। गांव पढ़ील के साथ ही क्षेत्र में कई स्थानों पर योग किया गया।



पिसावा में अपने घर योगासन करते विक्रम सेवा सदन कॉलेज के प्राचार्य झुन्नीलाल वर्मा • जागरण



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अलीगढ़ एडीए कॉलोनी में अपने आवास पर योग करते छर्रा विधायक ठा. दलवीर सिंह • जागरण



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को लखनऊ आवास में योगासन करते पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह • (सौ. स्वजन)



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लखनऊ आवास में योग करते एटा सांसद राजवीर सिंह एवं अन्य • (सौ. स्वजन)

### एक मिनट में 310 बार भस्त्रिका कर बनाया रिकॉर्ड

संसू, दादों : क्षेत्र के गांव दताचोली खुर्द निवासी प्रो. जयवीर सिंह आर्य ने रविवार को एक मिनट में 310 बार भस्त्रिका प्राणायाम और एक मिनट में 100 बार मिश्र दंड करने का रिकॉर्ड बनाया। जयवीर सिंह रविवार को राजस्थान के चित्तौड़ जिले में स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी में योग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी के ही इंस्टीट्यूट महेश योगी स्कूल ऑफ एक्सलेंस योग की ओर से योग प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रो. सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उनके प्रदर्शन को सराहा गया और उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. सुभाष पारिक रजिस्ट्रार, कवियित्री व साहित्यकार डॉ सुविधा पांडे, डॉ. ज्योति राघव, संजीव शर्मा, प्रो. सुशील, प्रो. रवि, प्रो. राघवेंद्र, आरिफ, रविंद्र आदि मौजूद रहे।



योगाचार्य जयवीर सिंह आर्य।



गौंडा में राजा वार्ष्णेय व मनोज वार्ष्णेय ने गांधी स्मारक पार्क में योगासन कराए। इसमें अनेक ग्रामीण शामिल रहे • जागरण



बरला में एनएस इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन मनोज चौधरी।



तालानगरी के रसिक टावर में सपत्नी योग करते राजेश मित्तल • (सौ. स्वजन)

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

दैनिक जागरण, /22/6/18 /पेज 8

तिवारी, शुभम शर्मा, प्रवेश अग्रवाल, उमेश कौशिक आदि थे।

## मंगलायतन विवि में भी आयोजन

संवाद सूत्र, इगलास : मंगलायतन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। उपस्थित सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखने में योग का महत्व बताया। कुलसचिव डा. दिनेश शर्मा ने सभी से प्रतिदिन योगाभ्यास करने की अपील की। उपकुलसचिव डा. मनोज राणा ने कहा कि योग हमारे जीवन की शक्ति, ध्यान और उत्पादकता को बढ़ाता है।

हिन्दुस्तान अलीगढ़ • शुक्रवार • 22 जून 2018 08




मंगलायतन विवि में गुरुवार को शिविर में योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

## मंगलायतन विवि में मनाया योग दिवस

मंगलायतन विश्वविद्यालय में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगोत्सव में भाग लिया। कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने और खेल प्रशिक्षक उन्नीकृष्णनन और शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग के प्रमुख संजीव कैथवास ने सूर्य नमस्कार, पद्मासन, ताड़ आसन आदि आसनों को करवाया। कुल सचिव डॉ. दिनेश शर्मा, उपकुलसचिव डॉ. मनोज राणा आदि मौजूद थे।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



अमर उजाला | अलीगढ़ | अलीगढ़ | मंगलवार, 22 जून 2021 | 6

## मंविवि में मनाया गया योग दिवस

इगलास। मंगलायतन विश्वविद्यालय में योग दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में योग कराया गया। कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने कहा कि योग योग प्राचीन ऋषियों की देन है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। कुलपति ने अंतर्राष्ट्रीय ई-सम्मेलन में भाग लिया। योग शिविर में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार व उन्नी कृष्ण नायर ने शिक्षक, कर्मचारियों आदि को योग कराया। संचालन याशिका गुप्ता ने किया। संवाद

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

02 मेरठ, मंगलवार 22 जून 2021

उत्तरप्रदेश

divyavishwasmrt@gmail.com 9927320274

दिव्य विश्वास

# मंगलायतन विवि में मनाया गया ऑनलाइन 7 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

दिव्य विश्वास संवाददाता

**अलीगढ़** । मंगलायतन विश्वविद्यालय में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में योग कराया गया। कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने कहा कि योग प्राचीन ऋषियों की देन है और ये हमारे लिए गर्व की बात है। वास्तव में योग, हठयोग, प्राणायाम भगवान शिव की देन है। परंतु इस योग व्यवस्था की अनदेखी की जाती रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में इसे पहचान मिलने से योग व्यवस्था को बल मिला है। कुलपति प्रो. कृष्णा ने कहा कि पतंजलि योग संस्थान ने आसनों को तीसरे स्तर पर रखा है जबकि इससे पूर्व सम्पूर्ण योग को दर्शाते हुए यमा-यम दो स्तर रखे हैं। इन अवस्थाओं से गुजर कर आप कम्फर्ट जोन में पहुंच सकते हो लेकिन स्वयं को जानने के लिए हठयोग का सहारा लेते हुए क्षमा, नियम, आसन,



प्राणायाम और साधना करने से ही आप स्व-अस्तित्व को जान पाएंगे।

कुलपति केवीएसएम कृष्णा ने यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार, मंगलायतन विवि व मेवाड़ विवि द्वारा योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, आध्यात्मिक और अभिनव अनुसंधान विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ई-सम्मेलन में भाग लिया। योग शिविर में शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. शिव कुमार व उन्नी कृष्ण नायर ने शिक्षक, कर्मचारियों आदि को योग कराया।

डा. शिव कुमार ने बताया कि आज-कल हम लोग बीमारियों का शिकार हो रहे है। जिन्हें दूर रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि आजकल डॉयबटीज, थाईराइड, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से सब जूझ रहे है, इन्हीं सब से बचे रहने के लिए योग जरुरी है। मानविकी संकाय के डीन प्रो. जयंतीलाल जैन ने भी अपने विचार रखे।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

**WORLD WOMEN DAY**






इगलास में मंगलायतन विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों ने महिला दिवस के अवसर पर सफाईकर्मी व निरक्षर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्हें साक्षर बनने के लिए भी प्रेरित किया। सोनी सिंह ने कहा कि स्वावलंबी बनने के लिए अपने पैरों पर खड़े होना चाहिए। डॉ. रंजना तिवारी, अनुराधा यादव ने भी संबोधित किया। लव मित्तल और डॉ. पूनम रानी समेत कईयों ने उन्हें वर्णमाला सीखने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सिद्धार्थ जैन ने किया ● जागरण

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



मंगलायतन विश्वविद्यालय में महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

## सभी को करना चाहिए महिलाओं का सम्मान

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं के उत्थान और उसके समाज में स्थान पर चर्चा की गई। कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम रानी ने कहा कि सबसे पहला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस रूस में मनाया गया था। सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। बेटी और बेटों में किसी भी प्रकार का फर्क न करें। डॉ. हिरा फातिमा, डॉ. फराह खान ने गीत सुनाया। रीना ठाकुर व सादिया मसरूर ने गजल सुनाई। एचआर मैनेजर रैना सिंह, डॉ. धनुषा, डॉ. स्वाति अग्रवाल, डॉ. आकांक्षा, पूनम गुप्ता, सपना, बबली, पलख, शिप्रा आदि मौजूद रहे।

FLE BHARAT
हर खबर आप तक

FLE bharat | हर खबर आप तक

Home / aligarh / iglas / मंगलायतन विवि में मनाया गया महिला दिवस

## मंगलायतन विवि में मनाया गया महिला दिवस

Posted on March 9, 2021 by Ms Saifee (Chief Editor)




इगलास – मंगलायतन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विवि सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान और उसके समाज में स्थान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। विश्वविद्यालय तथा हॉस्पिटल की महिलाओं ने भागीदारी की।

आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान के लिए विचार भी रखे गए। दृश्य एवं कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम रानी ने कहा कि सबसे पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस रूस में मनाया गया था। सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। बेटी और बेटों में किसी भी प्रकार का फर्क न करें। एचआर मैनेजर रैना सिंह ने कहा कि सभी बेटियों को बेहतर शिक्षा दें जिससे समाज आगे बढ़ेगा। डॉ दीपशिखा ने कहा कि बेटियों को अवश्य शिक्षा दें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। मनीषा उपाध्याय कहा कि इंटरनेशनल वूमेंस डे यह केवल एक दिन नहीं, एक पर्व है। विजया सिंह ने कहा कि बेटियों का सम्मान करें। डॉ. धनुषा ने कहा कि घर और कार्यक्षेत्र दोनों ही स्थानों पर महिलाएं अपनी भूमिकाओं को बखूबी निभा रही हैं।

डॉ0 स्वाति अग्रवाल, डॉ. हिरा फातिमा, डॉ. फराह खान ने गीत सुनाया। रीना ठाकुर व सादिया मसरूर ने गजल सुनाई। डॉ आकांक्षा, पूनम गुप्ता, सपना, बबली, पलख, शिप्रा, लता, ममता आदि ने नृत्य किया। सभी महिलाओं को टाइटल भी दिए गए। इस दौरान डॉ शगुफ्ता परवीन, डॉ मंजरी, डॉ स्नेहलता, अनुराधा, दीपा, श्रद्धा, याशिका, अनुष्का, श्रुति,शुभि, गौरांगी आदि मौजूद थे।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

## मंविवि में मनाया गया महिला दिवस

**अलीगढ़, (श्रीजी एक्सप्रेस ब्यूरो)।**

मंगलायतन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विवि सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान और उसके समाज में स्थान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। विश्वविद्यालय तथा हॉस्पिटल की महिलाओं ने भागीदारी की।

आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान के लिए विचार भी रखे गए। दृश्य एवं कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम रानी ने कहा कि सबसे पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस रूस में मनाया गया था। सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। बेटी और बेटों में किसी भी



प्रकार का फर्क न करें। एचआर मैनेजर रैना सिंह ने कहा कि सभी बेटियों को बेहतर शिक्षा दें जिससे समाज आगे बढ़ेगा।

डॉ दीपशिखा ने कहा कि बेटियों को अवश्य शिक्षा दें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। मनीषा उपाध्याय कहा कि इंटरनेशनल वूमेंस डे यह केवल एक दिन नहींए एक पर्व है। विजया सिंह ने कहा कि बेटियों का सम्मान करें। डॉण् धनुषा ने कहा कि घर और कार्यक्षेत्र दोनों ही स्थानों पर महिलाएं अपनी भूमिकाओं को बखूबी निभा रही हैं। डॉ स्वाति अग्रवाल, डॉ. हिरा फातिमा, डॉ. फराह खान ने गीत सुनाया।

रीना ठाकुर व सादिया मसरूर ने गजल सुनाई।

डॉ आकांक्षा, पूनम गुप्ता, सपना, बबली, पलख, शिप्रा, लता, ममता आदि ने नृत्य किया। सभी महिलाओं को टाइटल भी दिए गए। इस दौरान डॉ शगुफ्ता परवीन, डॉ मंजरीए डॉ स्नेहलता, अनुराधा, दीपा, श्रद्धा, याशिका, अनुष्का, श्रुति, शुभि, गौरांगी आदि मौजूद थे।

## जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता करते हैं निवास

संवाद सूत्र, इगलास : भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। समाज और उसकी सोच में परिवर्तन आ रहा है आज महिलाएं स्वयं को सिद्ध कर रही हैं।


यह विचार मंगलायतन विश्वविद्यालय में महिला दिवस पर कार्यक्रम में दृश्य एवं कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम रानी ने व्यक्त किए। अध्यापिका सोनी सिंह ने नारी को ईश्वर की सुंदर कृति बताया। उन्नति जादौन ने कहा कि बदलते समय में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में बाजी मार रही हैं।



मंविवि में महिला दिवस पर मौजूद महिलाएं • जागरण

लीना ध्रुवा ने कहा कि कामकाजी महिलाओं के घर और कार्यक्षेत्र दोनों ही स्थानों पर जिम्मेदारी होती है। दीपशिखा सक्सेना ने कहा कि इंटरनेशनल वूमेंस डे यह केवल एक दिन नहीं, एक पर्व है, अपितु नारी को उसके सम्मान, सशक्तिकरण, पहचान और उसके अस्तित्व को पाने का दिन है। विजया सिंह ने कहा कि 2019 के महिला दिवस की थीम बैलेंस फॉर बैटर है। संकल्प करें कि अभी तक जो अच्छा किया उसे और बेहतर बनाएं। अलीशा चौधरी ने विचार रखे की नारी पुरुष प्रधान समाज में सारे रिश्तो को निभाते हुए अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुई है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल भी हुए। इस मौके पर मनीषा उपाध्याय, हिरा दिलशाद, डॉ. स्वाति अग्रवाल, डॉ. गुरमीत कौर, डा. रंजना अनुराधा, पूनम गुप्ता, प्रेमलता, अंकिता, श्रद्धा, अल्का, ममता रानी आदि थी।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



**CELEBRATION OF CONSTITUTION DAY**





# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

(अमर प्रकाश)

# हमें अपने संविधान पर गर्व है:प्रो केवीएसएम कृष्णा

**— मंविवि में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

अलीगढ 26 नवम्बर (अमर प्रकाश)। संविधान, किसी भी देश का मौलिक कानून है जो सरकार के विभिन्न अंगों की रूपरेखा और मुख्य कार्य का निर्धारण करता है। साथ ही यह सरकार और देश के नागरिकों के बीच संबंध भी स्थापित करता है। हमें अपने संविधान पर गर्व है। यह बातें मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने विवि में आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम में कहीं। कुलसचिव ब्रिग समर वीर सिंह ने कहा कि संविधान नियम और अधिकारों की व्याख्या करता है। उन्होंने सभी को संविधान के नीति—निर्देशों का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान कोविड—19 से बचाव को लेकर दिए गए निर्देशों का पालन किया गया। साथ विवि के समस्त विभागों के विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा संविधान के नीति—निर्देशों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में एनएसएस की चारों इकाइयों का सहयोग रहा। इस अवसर पर शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए लेख प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रथम तीन श्रेष्ठ लेखों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जॉइंट रजिस्ट्रार डॉ. दिनेश शर्मा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डीन एवं निदेशक प्रो. शिवाजी सरकार, डायरेक्टर मेडिकल कम्पलाइन्स डॉ. वेंकट पीवी राओ प्रिंसिपल फार्मेसी प्रो. उमेश कुमार सिंह, डीन अकादमिक प्रो. आरके शर्मा, डायरेक्टर आईईआर डॉ. दिनेश पांडे, डायरेक्टर सीएसी प्रो. असगर अली अंसारी, डायरेक्टर आईईटी डॉ. महेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत, डॉ. हैदर अली, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. अनुराग शाक्य, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. सौरभ कुमार,प्रोग्राम कोर्डिनेटर एनएसएस डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. बृजेश शर्मा, डॉ. पूनम रानी, डॉ. शगुफ्ता परवीन, डॉ. केपी सिंह, डॉ. शिव कुमार, मोहन माहेश्वरी, राजेश उपाध्याय, मनीषा उपाध्याय, प्रवीण भारद्वाज, लव मित्तल, अनुराधा यादव, शिखा शर्मा,जीतेंद्र यादव, विकास वर्मा आदि मौजूद थे।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

अलीगढ़, 27 नवंबर, 2020 दैनिक जागरण 7

कार्यक्रम | मंविवि में संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

## हमें अपने संविधान पर गर्व : प्रो. कृष्णा



मंविवि में कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक ● जागरण

**संसू, इगलास** : संविधान, किसी भी देश का मौलिक कानून है जो सरकार के विभिन्न अंगों की रूपरेखा और मुख्य कार्य का निर्धारण करता है। साथ ही यह सरकार और देश के नागरिकों के बीच संबंध भी स्थापित करता है। हमें अपने संविधान पर गर्व है। यह बातें मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। कुलसचिव समरवीर सिंह ने कहा कि संविधान नियम और अधिकारों की व्याख्या करता है। उन्होंने सभी को संविधान के नीति-निर्देशों का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एनएसएस की चारों इकाइयों का सहयोग रहा। शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए लेख प्रतियोगिता हुई। जिसमें तीन श्रेष्ठ लेखों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. दिनेश शर्मा, प्रो. शिवाजी सरकार, डॉ. वेंकट पीवी राओ, प्रो. उमेश कुमार सिंह, प्रो. आरके शर्मा, डॉ. दिनेश पांडे, प्रो. असगर अली अंसारी, डॉ. महेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत, डॉ. हैदर अली, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. अनुराग शाक्य आदि थे।



मंविवि में कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ● जागरण

अमर उजाला अलीगढ़ | शुक्रवार, 27 नवंबर 2020 7

## मंविवि में संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम

इगलास। संविधान, किसी भी देश का मौलिक कानून है जो सरकार के विभिन्न अंगों की रूपरेखा और मुख्य कार्य का निर्धारण करता है। साथ ही यह सरकार और देश के नागरिकों के बीच संबंध भी स्थापित करता है। हमें अपने संविधान पर गर्व है। यह बातें मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने विवि में आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम में कहीं कुलसचिव ब्रिग समर वीर सिंह ने कहा कि संविधान नियम और अधिकारों की व्याख्या करता है। उन्होंने सभी को संविधान के नीति-निर्देशों का पालन करने की शपथ विवि के समस्त विभागों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को दिलाई गई। लेख प्रतियोगिता के प्रथम तीन श्रेष्ठ लेखों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. दिनेश शर्मा, प्रो. शिवाजी सरकार, डॉ. वेंकट पीवी राओ, फार्मेसी के प्रिंसिपल प्रो. उमेश कुमार सिंह, प्रो. आरके शर्मा, डॉ. दिनेश पांडे, प्रो. असगर अली अंसारी, डॉ. महेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत, डॉ. हैदर अली, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. अनुराग शाक्य, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. सिद्धार्थ जैन, डॉ. बृजेश शर्मा, डॉ. पूनम रानी, डॉ. शगुफ्ता परवीन, डॉ. केपी सिंह, डॉ. शिव कुमार, मोहन माहेश्वरी, राजेश उपाध्याय, मनीषा उपाध्याय, प्रवीण भारद्वाज, लव मित्तल, अनुराधा यादव, शिखा शर्मा, जीतेंद्र यादव व विकास वर्मा आदि मौजूद थे। संवाद



कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा।

**AUDITORIUM**

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

**VOTERS DAY**



8 दैनिक जागरण अलीगढ़, 26 जनवरी 2020

## नाटक से किया मतदाताओं को जागरूक

संसू, इगलास : मंगलायतन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एनएसएस तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा दृश्य एवं कला विभाग द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्ययम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। जॉइंट रजिस्ट्रार डॉ. दिनेश शर्मा व प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत ने मतदान के महत्व के बारे में बताया। वहीं कृपा, मंजीत, आयुषी ने अपने भाषण के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सृष्टि जैन, माधुरी सिंह, हिमानी गोयल, मंदाकिनी ने मतदान से संबंधी पोस्टर पेश किए। समन्वयक डॉ. सिद्धार्थ जैन रहे। संचालन मयंक जैन ने किया। आयोजन में सोनी सिंह, लव मित्तल, अनुराधा यादव, डॉ. आकांक्षा, डॉ. पूनम रानी, दीक्षा यादव, उदय का सहयोग रहा।



**AUDITORIUM**

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



**AUDITORIUM**



**EKTA DIVAS**




**GANGA BLOCK**

**EKTA DIVAS**



**GANGA BLOCK**

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



7
दैनिक जागरण
अलीगढ़, 1 नवंबर 2019
www.jagran.com

## याद किए लौह पुरुष...

## एकता व अखंडता दिवस के रूप में मनाई पटेल जयंती

देश के पहले गृहमंत्री के 144वें जन्मदिवस पर जगह-जगह आयोजन, लोगों ने ली एकता व अखंडता की शपथ

मंगलायतन में आयोजन : मंगलायतन विवि में रन फॉर यूनिटी के बाद राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। इस दौरान कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा, डा. सिद्धार्थ जैन, डा. शिव कुमार, दिनेश पांडे, लव मित्तल, सोनी सिंह, अनुराधा यादव, डॉ. रंजना तिवारी, डेनियल, रोहित, नेहा आदि रहे।

मंविवि में राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते विद्यार्थी • जागरण

कासिमपुर में एकता दिवस मनाते जवान • जागरण

FLE BHARAT
हर खबर आप तक

FLE bharat | हर खबर आप तक

Home / aligarh / iglas / मंविवि में ली गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

# मंविवि में ली गई राष्ट्रीय एकता की शपथ


Posted on October 31, 2019 by Ms Saifee (chief editor)




**इगलास।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी के बाद राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। स्पोटर्स एवं यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स कौंसिल, राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईओं के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने सद्भाव पूर्वक यूनिटी दौड़ लगाई। इसके बाद सभी छात्र मार्च पास करते हुए गंगा ब्लॉक के सामने राष्ट्रीय ध्वज के नीचे एकत्र हुए। कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है, वह देश के लिए प्रेणा स्रोत हैं। कुलसचिव प्रो. शिवाजी सरकार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि राष्ट्रीय एकता को बनाए रखना है। इस मौके पर डा. सिद्धार्थ जैन, डा. शिव कुमार, दिनेश पांडे, लव मित्तल, सोनी सिंह, अनुराधा यादव, डॉ. रंजना तिवारी, डेनियल, रोहित, नेहा आदि का योगदान रहा।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH



# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

**INDEPENDENCE DAY**



# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

**REPUBLIC DAY**






**FESTIVALS**





GPS Map Camera
Aligarh, Uttar Pradesh, India
Mangalayatan University Rd, Uttar Pradesh 202145, India
Lat 27.644652°
Long 77.894741°
20/02/20 12:10 PM
Google
महाशिवरात्रि

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH






**SUMANGALAM HOSTEL – ENGINEERS DAY**



JAIN MANDIR



OPEN AUDITORIUM BETWEEN BLOCK A,B & C

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH










**OPEN AUDITORIUM BETWEEN BLOCK A,B & C**

**DEEPAWALI CELEBRATIONS**



**GODAWARI**



**ORIENTATION 2021**




**AUDITORIUM**

**ORIENTATION 2021**




**ORIENTATION 2020 - AUDITORIUM**

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH




**ORIENTATION 2019 - AUDITORIUM**

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH




**ORIENTATION 2019 - AUDITORIUM**

**WORLD ENVIRONMENT DAY**

अमर उजाला | अलीगढ़ | रविवार, 6 जून 2021 | 6



मंविवि में कुलपति प्रो केवीएसएम कृष्णा, कुलसचिव ब्रिग समरवीर सिंह व प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह राजपूत। संवाद

सिंह ने बताया है की आज विश्व पर्यावरण द्वारा नगला खरग स्थित निर्माणाधीन कान्हा गोशाला में वृक्षारोपण किया गया।

# अपने आसपास से करें वृक्ष लगाने की शुरूआत



अलीगढ (अमर प्रकाश)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा पर्यावरण के प्रति शिक्षकों और विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर एनएसएस के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया।

विवि के कुलपति प्रो केवीएसएम कृष्णा ने वृक्ष लगाकर सभी से अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने का आवाहन किया। कुलसचिव ब्रिग समरवीर सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी को सभी देश झेल रहे हैं, ऑक्सीजन की कमी हो रही है। कहीं न कहीं पर्यावरण से छेड़–छेड़ के कारण हमें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कृषि विभाग के अध्यक्ष डॉ सैयद दानिश यासीन नकवी ने इस दिवस का इतिहास बताते हुए। छात्रों को इस दिन से जुड़ी कई बातें बताई। उन्होंने कहा कि इस बार इसकी थीम श्रीइमेजिन, रीक्रिएट, रिस्टोरष है।

डायरेक्टर रिसर्च एन्ड अकादमिक प्रो गुरुदास उल्लास ने अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदूषण हमारे जीवन और मौसम पर प्रभाव डालता है। मानविकी संकाय के डीन प्रो जयंतीलाल जैन ने कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए हर सम्भव प्रयास करने चाहिए। साथ ही पर्यावरण को नुकसान देने वाले तत्वों प्रकाश डाला।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डीन एन्ड डायरेक्टर प्रो शिवाजी सरकार ने कहा कि विकास के नाम पर हम पर्यावरण को नुकसान पंहुचा रहे है। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अपने आसपास से ही शुरूआत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों को काटा जाता है, जोकि गलत है। हमें उनके बचाव के लिए भी जरूर सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान सैकड़ों पेड़ काटे जाते है जिससे पर्यावरण को सीधा नुकसान पहुंचता है। जेवर एयरपोर्ट की इतनी जरूरत नहीं है। हमें समझना होगा कि क्या जरूरी है और क्या नहीं। छात्र दुर्गेश, पीयूष ने विचार रखे। संचालन डॉ आकांक्षा ने किया। आयोजनों में प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह राजपूत, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ सिद्धार्थ जैन, डॉ मंजरी, डॉ यादेवन्द्र पाल का सहयोग रहा। इस दौरान अतुल गुप्ता, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. दीपशिखा सक्सेना, डॉ संतोष कुमार गौतम, जीतेन्द्र यादव, ममता रानी आदि मौजूद थे।

## 7 से 21 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे विवि के शिक्षक

अलीगढ (अमर प्रकाश)। डॉ.भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज के शिक्षक 7 से 21 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे। कुलपति प्रो.अशोक मित्तल के आदेश पर अवशेष ग्रीष्मकालीन अवकाश दे दिया गया है।कुलसचिव डॉ.अंजनी कुमार मिश्रा की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई थी। विवि की ओर से पहले 24 अप्रैल से 23 मई तक का ग्रीष्मकालीन अवकाश शिक्षकों को दिया गया था। अवशेष अवकाश बाद में दिए जाने की बात कही गई थी। 31 मई को विवि शिक्षक संघ की ओर से कुलपति को प्रार्थना पत्र देकर विशेष अवकाश दिए जाने की मांग की गई।शिक्षकों ने कहा था कि पाठ्यक्रम पूरा कराया जा चुका है। अभी कॉलेजों में प्रशासनिक कार्य ही हो रहे हैं।

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH







**SPORTS DAY**

# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH




**SWATCH BHARAT EVENT IN VILLAGE**



# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH




**SWATCH BHARAT EVENT IN VILLAGE**



# MANGALAYATAN UNIVERSITY - ALIGARH

